केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमितशाह ने आज गुजरात के गांधीनगर में 'PM Family Care Tracker' पायलट प्रोजेक्ट का शुभारंभ कियाऔर इस अवसर पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई

प्रधानमंत्री मोदी ने सर्वांगीण और सर्वस्पर्शी विकास की नई परिभाषा गढ़ी, दीर्घकालीन नीतियां बनाईं, उनकी निरंतर मॉनिटरिंग की और उन्हें प्रभावी ढंग से जमीन पर उतारा

PM Family Care Tracker जन्म-मृत्यु डेटा से जुड़कर हर बच्चे को यूनिक आईडी देगा, जिससे योजनाओं का लाभ स्वतः और समय पर पहुंचेगा

PM Family Care Tracker लाभार्थी की पहचान, सरकारी पहुंच और योजनाओं की डिलीवरी की प्रमुख चुनौतियों का समाधान करेगा

PM Family Care Tracker एकीकृत निगरानी प्रणाली के माध्यम से जरूरतमंदों तक योजनाओं का प्रभावी लाभ सुनिश्चित करेगा

DBT के माध्यम से मोदी सरकार ने पारदर्शी और प्रभावी गरीब कल्याण की नई व्यवस्था स्थापित की

मोदी जी ने मात्र 12 वर्षों में गरीबों की पीढ़ियों से चली आ रही अनेक समस्याओं का समाधान किया

प्रविष्टि तिथि: 28 JUN 2026 9:51PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्रीअमितशाह ने आज गुजरात के गांधीनगर में 'PM Family Care Tracker' पायलट प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र पटेल और केन्द्रीय गृह सचिव श्री गोविंद मोहन सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

इस अवसरपर अपने संबोधन में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्रीश्री अमित शाह ने कहा कि जब भी कोई आज़ादी के बाद भारत का 100 साल तक का इतिहास लिखेगा, तब उस इतिहास के दो हिस्से होंगे। पहला हिस्सा होगा 2014 से पहले का भारत और दूसरा हिस्सा होगा 2014 के बाद का भारत। 2014 के चुनावों में

भारत की जनता ने गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को देश के प्रधानमंत्री के तौर पर चुना। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में हर क्षेत्र में आमूल परिवर्तन हुआ। प्रधानमंत्री मोदी जी ने देश के सर्वांगीण और सर्वस्पर्शीय विकास की एक नई व्याख्या सृजित की है। श्री शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने न सिर्फ हर क्षेत्र में दीर्घकालीन नीतियां बनाईं बल्कि उनकी मॉनिटरिंग भी की और उन्हें ज़मीन पर भी उतारा। देश की सुरक्षा, संस्कृति, शिक्षा नीति, अर्थतंत्र, इन्फ्रास्ट्रक्चर, आत्मनिर्भर होने की दिशा में आगे बढ़ना और हर क्षेत्र में नीतियां निर्माण करने और उनमें समयानुसार सुधार करने का काम भी किया गया।

श्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी नेतृत्व में भारत के करोड़ों गरीबों के जीवन स्तर को ऊपर ले जाने के लिये समग्रता से प्रयास हुआ है। आज प्रधानमंत्री मोदी जी देश के गरीब के लिए जितने भी पैसे भेजते हैं, वो पूरी राशि गरीबों तक पहुंचती है। मोदी सरकार ने DBT की शुरुआत कर गरीब कल्याण के एक नये युग की शुरुआत की। नरेन्द्र मोदी सरकार ने सिर्फ 12 सालों में देश के करोड़ों गरीबों को घर, बिजली, नल से जल, शौचालय, गैस सिलिन्डर, पांच किलो मुफ्त अनाज, पांच लाख रूपए तक का मुफ्त इलाज दिया और 90 प्रतिशत सस्ती दवाओं की व्यवस्था की है।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि आज़ादी के बाद से आज़ाद भारत में अपना हिस्सा समझनेका प्रयास कर रहे करोड़ों लोगों को नरेन्द्र मोदी सरकार ने उनका हिस्सा देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि देश के करोड़ों लोगों की पीढ़ियों से चली आ रही समस्याएं प्रधानमंत्री मोदी जी ने सिर्फ 12 साल में सुलझा दी।

श्री अमित शाह ने कहा कि आज यहां एक प्रकार से सभी के लिए शासन को ट्रैक करने का कार्य शुरू हो रहा है, आज बच्चों को पोलियो की खुराक दी गई है और पोषण किट का वितरण भी किया गया है। इस पूरे डेटाबेस को इंटीग्रेट कर उसे जन्म-मृत्यु के डेटा के साथ जोड़कर हर बच्चे की आईडी और एक नंबर देने का कार्यपीएम फेमिली केयर ट्रैकर से होगा और इसी के माध्यम से सारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जायेगा। पीएम फैमिली ट्रैकर से एक एकीकृत निगरानी प्रणाली का निर्माण होगा, जिसके तहत ज़रूरतमंदों को पहचानकर उन पर विशेष ध्यान देने की शुरुआत होगी।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने देश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में आमूल परिवर्तन किया है। देश की ज़रूरत के अनुसार डॉक्टर्स से लेकर करोड़ों नागरिकों के लिए पांच लाख रूपए तक का सारा इलाज फ्री करने, सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने, हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करने, आयुष के माध्यम से हमारी परंपरागत आरोग्य पद्धतियोंको पुनर्जीवित करने जैसे कई कार्यक्रम प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने शुरू किये। आज उन सभी पहल की मॉनिटरिंग के लिए पीएम फेमिली केयर ट्रैकर की शुरुआत हुई है।

****

आरके / आरआर / पीआर

(रिलीज़ आईडी: 2278702) आगंतुक पटल : 483
इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English , Gujarati , Odia , Kannada , Malayalam